PRESS RELEASE

युवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री प्रवीण शर्मा ने टीटी नगर स्टेडियम में ग्रहण किया पदभार

युवाओं के सशक्तिकरण और रोजगारोन्मुखी विकास की दिशा में युवा आयोग निभाएगा प्रभावी भूमिका - श्री शर्मा

भोपाल | 14 मई 2026

खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश के अंतर्गत भोपाल स्थित टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित गरिमामय समारोह में युवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री प्रवीण शर्मा ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रदेशभर से आए युवा कार्यकर्ताओं, खिलाड़ियों एवं नागरिकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।
भाजपा कार्यालय से तात्या टोपे स्टेडियम तक आयोजित स्वागत यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं, महिलाओं एवं खिलाड़ियों द्वारा श्री शर्मा का आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में युवाओं की बड़ी सहभागिता देखने को मिली, जिसने समारोह को उत्साहपूर्ण वातावरण प्रदान किया।

पूजा-अर्चना के साथ ग्रहण किया पदभार

युवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री प्रवीण शर्मा ने टीटी नगर स्टेडियम पहुंचकर विधिविधान से पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, प्रगति एवं सशक्तिकरण के संकल्प के साथ अपने दायित्व का औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया।
उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा एवं नवाचार क्षमता ही प्रदेश और राष्ट्र के विकास की सबसे बड़ी शक्ति है तथा युवा आयोग युवाओं की अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं को नई दिशा देने के लिए प्रभावी रूप से कार्य करेगा।

मंत्रीगण की उपस्थिति में युवाओं के विकास पर हुआ मंथन

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार उपस्थित रहे।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत है और युवाओं को सामाजिक दायित्व, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक बनाना वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को अवसर, प्रशिक्षण एवं सकारात्मक मंच उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

रोजगार, प्रशिक्षण और स्टार्टअप को मिलेगा बढ़ावा

अपने संबोधन में युवा आयोग अध्यक्ष श्री प्रवीण शर्मा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि युवा आयोग प्रदेश सरकार और युवाओं के बीच प्रभावी सेतु के रूप में कार्य करेगा।
उन्होंने कहा कि राज्य में स्थापित होने वाली नई इंडस्ट्रीज के माध्यम से युवाओं को रोजगार, कौशल प्रशिक्षण एवं स्टार्टअप अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में विशेष प्रयास किए जाएंगे। साथ ही युवाओं को आत्मनिर्भर एवं नवाचार आधारित सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे वे प्रदेश एवं देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

युवा सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेल, कौशल विकास, स्वरोजगार, नेतृत्व निर्माण एवं नवाचार जैसे क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रहा है।
युवा आयोग प्रदेश के युवाओं की आकांक्षाओं को नई दिशा देने तथा उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवाओं एवं खिलाड़ियों ने प्रदेश में युवाओं के लिए बढ़ते अवसरों एवं नई संभावनाओं को लेकर सकारात्मक उत्साह व्यक्त किया।

मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी शुभकामनाएँ

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने श्री प्रवीण शर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में युवा आयोग प्रदेश के युवाओं के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण के लिए प्रभावी कार्य करेगा।
उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश शासन युवाओं को शिक्षा, कौशल, खेल एवं रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश सरकार का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर, सक्षम एवं नेतृत्व क्षमता से परिपूर्ण बनाना है, ताकि वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दे सकें।